
PRINT

# दैनिक जागरण

| | | |
|---|---|---|
| Regional News Paper | Edition : Ranchi (Jharkhand) | Circultion: 47896 |
| Date: 15.07.2026 | Page No. -- | Serial No.: 01 |

## अमलो रेलवे साइडिंग में 91.810 टन अवैध कोयला जब्त

संस, जागरण • फुसरो : सीसीएल ढोरी क्षेत्र की अमलो रेलवे साइडिंग में मंगलवार को सीआइएसएफ, सीसीएल सुरक्षा विभाग और बेरमो पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 91.810 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। अभियान का नेतृत्व सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने किया, जबकि सीआईएसएफ कमांडेंट राज प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। कार्रवाई रात्रिकालीन गश्त, ड्रोन सर्विलांस, आधुनिक तकनीक और सटीक खुफिया सूचना के आधार पर की गई।



अमलो रेलवे साइडिंग किनारे छापेमारी करते सीआइएसएफ कमांडेंट • जागरण

छापेमारी में अमलो रेलवे साइडिंग के समीप पांच नंबर पीपल धौड़ा से 89.280 टन अवैध कच्चा एवं पोड़ा कोयला तथा कारीपानी कांटाघर के पास से 2.550 टन कोयला बरामद किया गया। जब्त कोयले को हाइवा और ट्रैक्टर से अमलो रेलवे साइडिंग के क्रशर में ले जाकर वजन कराने के बाद डंप कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई भारत सरकार की "जीरो कोल लीकेज" नीति के तहत की गई है। इससे अवैध खनन और कोयला चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

अभियान में उप कमांडेंट गारा अभिलाष, सहायक कमांडेंट केवीए श्रीधर, निरीक्षक पीके सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, सुरक्षा प्रभारी शिलचंद, साइडिंग इंचार्ज जय शंकर तथा बेरमो थाना के रंजीत रंजन शामिल थे।

DEPARTM
MINISTRY OF
GOV